





## मुख्यमंत्री का आगमन और खाद की समस्या से जूझते किसान, आखिर समाधान कब होगा

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 15 सितम्बर, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट मंडी प्रांगण में जहां एक और आगामी19 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन होना निश्चित हुआ है और उसके लिए भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रशासन जी जान से व्यापक तैयारी कर रहा है वहीं दूसरी ओर खाद के संकट को झेलते हुए किसान परेशान हो रहे हैं.**

नगर परिषद कार्यालय चाकघाट में खाद प्राप्त करने के लिए किसानों की लंबी लाइन देखी जा रही है. लाइन में खड़े किसानों ने बताया है कि अभी उन्हें टोकन मिलेगा खाद बाद में मिलेगी. खाद का टोकन प्राप्त करने में किसान उग्र न हो जाए इसके लिए पुलिस की व्यवस्था की गई है. किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री जी का आगमन और खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन कहीं न कहीं प्रशासनिक अव्यवस्था को दर्शाता है. भाजपा कार्यकर्ताओं में जहां मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर उत्साह है वहीं किसानों के अंदर भारी मायूसी है. उन्हें इस बात का दुःख है कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है. कई किसान नगर परिषद चाकघाट परिसर में खाद की लाइन में खड़े हमारे संवाददाता से बताया कि खाद के लिए इसके पहले कभी इतनी परेशानी नहीं उठानी पड़ी थी जितनी कि इस बार उठानी पड़ रही है. मुख्यमंत्री के आगमन के पहले खाद की समस्या समाधान को लेकर किस ढंग से प्रशासनिक व्यवस्था बन पाएगी अभी इसके लिए कुछ कहा नहीं जा सकता.

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के लिए समय पर सभी प्रबंध कर लें : पाल, निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 15 सितम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा जिले में 19 सितम्बर को दौरा प्रस्तावित है. मुख्यमंत्री त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में चाकघाट मण्डी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे.**




सभी अधिकारी प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के लिए समय पर सभी आवश्यक प्रबंध कर लें. कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हेलीपैड स्थल तथा मुख्य मंच के लिए तैयारी करें. सभा स्थल में बैरिकेडिंग के लिए वन विभाग के सहयोग से आवश्यक प्रबंध करें. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे. इनके बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था करें. आयुक्त नगर निगम तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यक्रम स्थल में पण्डाल, मुख्यमंच, प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम तथा हितग्राहियों के हितलाभ वितरण की समुचित व्यवस्था करें. कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल कार्यक्रम में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए आवश्यक प्रबंध करें. एसडीएम त्योंथर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर अन्य अधिकारियों के सहयोग से कार्यक्रम स्थल में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस सहित डॉक्टर एवं चिकित्साकर्मी तैनात रखें. बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, वाहनों की पार्किंग तथा यातायात प्रबंधन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने मुख्यमंत्री के दौरे के लिए की जा रही तैयारियों की बिन्दुवार जानकारी दी. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी मुख्यमंत्री को त्योंथर विधानसभा आना था. लेकिन विपरीत मौसम के कारण नही पहुंच पाए थे. निर्माण कार्यो का भूमि पूजन और शिलान्यास करेगे.

## जिले में 210 किसानों को बांटी गई 45 मीट्रिक टन खाद

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 सितम्बर, मऊगंज जिले में खाद का वितरण किया जा रहा है. पर्याप्त मात्रा में खाद पहुंचने के बाद किसानो को खाद दी जारही है.**

यह बात और है कि केन्द्रो में किसानो की भारी भीड़ पहुंच रही है. हालाकि पहले के अपेक्षा कुछ हद तक राहत मिली है, लेकिन खाद की मांग अभी कम नही हुई है. जिले में 15 सितंबर को 210 किसानों को 45 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया.

डबल लाक केन्द्र मऊगंज में 80 किसानों को 20 मीट्रिक टन तथा हनुमना में 130 किसानों को 25 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज में 139.09 मीट्रिक टन व हनुमना में 124 मीट्रिक टन खाद शेष है.

# आखिर कब पूरा होगा सोन पुल का निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 15 सितम्बर, मध्य प्रदेश के सीधी जिले के अंतर्गत अमिलिया थाना के पास सोनपुल बहुत पुराना होकर जर्जर हो चुका था. जिसे मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पूर्ण निर्माण कार्य कराया जा रहा है.**

जनता की समस्या यह है कि यह सोनपुल निर्माण कार्य आज लगभग तीन और चार वर्षो से किया जा रहा है अभी तक सोनपुल का कार्य पूर्ण नहीं हो सका जिसके चलते प्रतिदिन रीवा सीधी सिंगरौली आने जाने वाले हजारों यात्री परेशान हो रहे हैं. कांग्रेस महासचिव निलेश केसरी बच्चा ने सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आखिर क्यों यह सोनपुल का निर्माण अभी तक नहीं हो पा रहा है आम नागरिकों के लिए पुराना पुल क्षतिग्रस्त है और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पुल से अवैध बालू गिट्टी अन्य भारी वाहन रात्रि को सुविधा शुल्क के दम पर निकले जा रहे हैं और जनता के लिए यह पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है.

आज कई वर्षों से हजारों व्यापारी एवं आम नागरिक निर्माणाधीन पुल का निर्माण अधूरा होने से काफी परेशान हो रहे हैं आवागमन के लिए वाहन नहीं मिल पाते सवारियों को छोटे-छोटे बच्चों को लेकर 2 किलोमीटर 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है.

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम : संजय कुमार

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 सितम्बर, मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा. इस पखवाड़े की मुख्य थीम स्वच्छोत्सव तय की गई है.**

इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि पखवाड़े का शुभारंभ 17 सितम्बर को किया जाएगा. इस दिन जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा जल संरचनाओं में सामूहिक रूप से स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा. इसके साथ-साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में भी विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी. इसी दिन से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान भी शुरू हो रहा है. अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग सभी अस्पतालों में महिलाओं के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के शिविर लगाएगा. अभियान के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करके उनके स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी. अभियान के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आवश्यक प्रबंध करें. कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए अपर कलेक्टर मऊगंज पीके पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है. ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अभियान के दौरान 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस दिन सभी अस्पतालों में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इनमें प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था की गई है. अभियान के दौरान वृक्षारोपण, नमो मैराथन, नशामुक्ति अभियान दिव्यांगजनों की जाँच के लिए निःशुल्क शिविर, स्वच्छता हेतु 2 अक्टूबर को श्रमदान तथा महिला स्वसहायता समूहों के उत्पादों तथा स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा. स्वच्छता ही सेवा सप्ताह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग राष्ट्रीय पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन करेगा. अभियान के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा जल संरचनाओं की साफ-सफाई का अभियान भी चलाया जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि कर्मयोगी अभियान चलाएगा. अनुसूचित जनजाति के हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा.

## प्रभावित रहेगी दो दिन पेयजल सप्लाई

नवभात न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, नगर निगम एवं प्रकाश चौराहा के बीच घोड़ा चैराहा में कोठी टंकी से जाने वाली डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की लगभग 35 मीटर पाइप के शिफ्टिंग एवं इंटरकनेक्शन का कार्य 17.09.2025 दिन बुधवार को किया जाना प्रस्तावित है,**

यह कार्य 17.09.2025 की शाम को पानी की सप्लाई के बाद शुरू किया जावेगा, जो कि सम्भवतः 18.09.2025 दिन गुरूवार की रात तक पूर्ण होगा. इस दौरान वार्ड क्र. 18, 19 एवं वार्ड 14 तथा घोघर के कुछ भाग में 18.09.2025 की सुबह एवं शाम की पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी इसके साथ ही सम्भवतः 19.09.2025 की सुबह की सप्लाई भी प्रभावित रह सकती है.

## वार्ड क्रमांक 14 में गंदे पानी की सप्लाई से रहवासी नाराज, बीमारी का बड़ा खतरा

मैहर। नगर पालिका वार्ड क्रमांक 14 में पिछले छह महीनों से लगातार गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई से रहवासी परेशान हैं।

कांग्रेस पार्षद मंजू गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रवासी इस समस्या को बार.बार नगर पालिका के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नल से आने वाला गंदा पानी पीने योग्य नहीं है फिर भी लोग मजबूरी में इसका उपयोग कर रहे हैं।

# गैरशैक्षणिक कार्य है ई-अटेंडेंस : सतानंद

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 सितम्बर, मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग नित नये प्रयोग कर शिक्षकों को वर्षभर गैर शैक्षणिक कार्य में उलझाये रखता है. जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है.**

संकुल से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक शिक्षकों से कार्यालयीन एवं विविध प्रकार के कार्य में संलग्न कर लिया जाता है. शिक्षक और शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रहता है. बी0एल0ओ0 का तो निरन्तर कार्यक्रम चलता रहता है. अभी 'हमारे शिक्षक एप' जिसका सभी संगठन विरोध कर रहे हैं, के माध्यम से ई-अटेंडेंस का प्रयोग चल रहा है.

जिसमें शिक्षकों से एन्ड्रायड मोबाइल के माध्यम से हाजिरी लगाना है. इसके प्रचलन से शिक्षक मोबाइल रखने, चलाने, खेलने, सोशल मीडिया में व्यस्त रहने के लिए अधिकृत हो चुके हैं.

प्रायः शिक्षक ई-अटेंडेंस के बहाने लोकेशन फोटो में व्यस्त रहते हैं.

शिक्षकीय दायित्व से प्रायः भटक जाते हैं. ड्यूटी केवल हाजिरी रहती है. पठन-पाठन गौड़ हो चुका है जिससे सर्व शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष सतानन्द मिश्र ने गैर शैक्षणिक कार्य में संशोधन या बन्द करने की मांग शासन से की है तथा छात्रहित शिक्षाहित के लिए केवल पठन पाठन में व्यस्त रहने की शिक्षकों से अपील की है.

# शिवाकांत पाण्डेय बने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 15 सितम्बर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक त्योथर जिला रीवा की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई.**



मुख्य अतिथि आर. के. शर्मा जिला अध्यक्ष रीवा विशिष्ट अतिथि -सतीश तिवारी जिला उपाध्यक्ष रीवा संजय पटेल जिला महासचिव रीवा पंकज उपाध्याय विधिक सलाहकार रीवा, की प्रमुख उपस्थिति में गत दिवस सीआरपी स्कूल चिल्ला में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता - समर जीत सिंह ब्लाक अध्यक्ष त्योथर ने की. सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण से किया गया. एजेंडा का वचन ब्लॉक अध्यक्ष समर जीत सिंह द्वारा किया गया उसके पश्चात नवीन ब्लॉक अध्यक्ष चयन के लिए शिवेंद्र शुक्ला ने शिवाकांत पांडे के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन संजीव पयासी, समर जीत सिंह श्याम बहादुर सिंह, विनय मिश्रा एवं उपस्थित सभी संचालको ने किया. आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से शिवाकांत पांडे को अध्यक्ष चुना गया. ब्लाक अध्यक्ष समर जीत सिंह ने अपना स्थीफा जिला अध्यक्ष आर. के. शर्मा को सौपा.

निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष समर जीत सिंह का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. संचालक साथियों ने अपनी अपनी बात रखी अन्त में जिला अध्यक्ष ने सभी का मार्गदर्शन और सुझाव दिया. नये ब्लाक अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय जी को सभी संचालको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया. कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज सिंह एवं राजीव दुबे ने किया.

## जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर कल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितम्बर को होता है. प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाती है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किये जाते है.**

इसी क्रम में 17 सितम्बर को स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है. जिसमें जिले भर से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे. उसके बाद दोपहर 11 बजे से नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन का लाइव प्रसारण होगा. जिसको उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के साथ सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मोदी जी को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुनेंगे. जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों को सहभागी होने की अपील की है. दो अक्टूबर तक जिले में अलग-अलग कार्यक्रम होगे.

## किसानों को खाद के लिए वितरित किया टोकन



नवभारत न्यूज

**गुढ़, 15 सितम्बर, डबल लॉक गोदाम गुढ़ में नायब तहसीलदार महिमा पाठक की देखरेख में पटवारियों एवं पुलिस व्यवस्था की उपस्थिति में किसानों को यूरिया खाद वितरण हेतु व्यवस्थित ढंग से टोकन बांटे गए.**

इस दौरान श्री भागवत पैलेस गुढ़ में हजारों किसानों के बैठने, पंखों एवं पेयजल प्रसाधन की व्यवस्था पैलेस प्रबंधक उमेश कुमार गुप्ता द्वारा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक नागेन्द्र सिंह और भाजपा मंडल अध्यक्ष गुढ़ अनंत कुमार गुप्ता के कहने पर किया जिसकी सभी किसानों ने सराहना की.

# पूजन के बाद रामलीला का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 सितम्बर, आदर्श रामलीला कमेटी मऊगंज के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**



कार्यक्रम का शुभारंभ 14 सितम्बर 2025 को क्रीट पूजा के साथ किया गया. इस अवसर पर महंत कृष्ण कुमार तिवारी एवं उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही. कार्यक्रम में आदर्श श्री रामलीला कमेटी मऊगंज के पदाधिकारी एवं संरक्षकगण की उपस्थिति रही. अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, सचिव अमित गुप्ता, संरक्षक मंडल सीताराम गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, जय केसरी, उदय केसरी, रामायण गुप्ता, शिवम गुप्ता, केसरी प्रसाद गुप्ता, निलेश गुप्ता, अनीश गुप्ता, जवाहरलाल गुप्ता, सोम गुप्ता एवं रामनारायण गुप्ता. जनता जनार्दन, मऊगंज एवं भक्तगढ़ की उपस्थिति में धार्मिक माहौल के बीच क्रीट पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# घुनवारा में व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है अवैध उत्खनन

### खनिज विभाग सहित वन विभाग ने साधी चुप्पी

नवभारत न्यूज

**मैहर 15 सितम्बर। मैहर में विशाल खनिज संपदा का दोहन खनिज विभाग के अधिकारियों, वन विभाग एवं सरपंचों के सरपरस्ती में किया जा रहा है जिससे सरकार को प्रति माह लाखों रुपयों का राजस्व घाटा हो रहा है।**

आरोप लगाए जा रहे कि कई दिनों से लगातार मैहर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनवारा के सरपंच पति की मिलीभगत से घुनवारा नई बस्ती के समीप बनी नहर के किनारे वन विभाग की जमीन पर जेसीबी मशीन से खुदाई कर दर्जनों ट्रैक्टरों से ढुलाई कर अवैध खनन कराया जा रहा है।

इस अवैध उत्खनन को लेकर अभी तक सरपंच पति के ऊपर खनिज अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही वन विभाग द्वारा इस मामले पर कोई संज्ञान लिया गया है। ग्रामीणों के द्वारा कहा जा रहा है कि मैहर का प्रशासन सिर्फ गरीब तबके के लोगों पर ही कार्यवाही करता है और पैसे वाले व रसूखदारों पर नहीं करता है।

ग्रामीणों का आरोप है सरपंच पति ओम साहू पर किसी प्रशासनिक अधिकारी का या फिर किसी राजनीतिक व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है जिससे जिला प्रशासन भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

इस संबंध की जानकारी मिलने पर कुछ पत्रकारों के द्वारा इस अवैध उत्खनन की कवरेज करने की कोशिश की गई जो आरोपियों के द्वारा टैक्टर चढ़ाने तक की कोशिश की गई। घुनवारा के कुछ ग्राम वासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस खनन को बंद नहीं कराया गया और खुदाई कराने वाले व्यक्तियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो हम इस बात की शिकायत मैहर कलेक्टर से करेंगे और आंदोलन भी करेंगे।

# प्रबंधन की लापरवाही, न पंखा न साफ सफाई, अस्पताल परिसर पर आवारा जानवरों का कब्जा

### सिर्फ एक हैंडपंप के भरोसे कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पेयजल व्यवस्था, शो पीस बन गए वाटर कूलर और आरो मशीन

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 सितम्बर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी भी इन दिनों भगवान भरोसे ही चल रहा है लापरवाह प्रबंधन के चलते चारों तरफ अव्यवस्थाओं का आलम है। अस्पताल परिसर पर ना ही बेड़ों में चादर सीट न ही सही मात्रा में पंखा ना हीं साफ सफाई रहती है तथा अस्पताल परिसर पर आवारा जानवरों का कब्जा होता जा रहा है सुरक्षा व्यवस्था सही तरीके से न होने की वजह से कुत्ते एवं गोवंशों का भी आना जाना अस्पताल परिसर के अंदर रहता है।**




पेयजल की व्यवस्था का तो भगवान ही मालिक है सिर्फ एक हैंड पंप के भरोसे पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पेयजल व्यवस्था निर्भर है वह भी हैंड पंप का पानी पीने लायक नहीं वहां पर आने वाले मरीज एवं परिजन पीने के पानी के लिए बाहर के स्रोतों से निर्भर हैं और उन्हें बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है जबकि कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 10000 से अधिक आबादी कोठी की है एवं सैकड़ो गांव के लोगों का आना-जाना कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होता है और 200 से 300 के बीच ओपीडी भी पहुंच रही है इसके साथ-साथ 12 महीने मरीज भर्ती रहते हैं।

साथ उनके परिजन भी अस्पताल परिसर में रहते हैं परंतु कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जब पीने तक की पानी की कोई व्यवस्था नहीं है तो फिर अन्य सुविधाओं की आप आशा कैसे करेंगे जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में वाटर कूलर एवं आरो मशीन भी लगे हुए हैं परंतु वह आप सिर्फ शो पीस बन गए हैं और उनमें पानी की जगह हवा निकल रही है साथी उसके आसपास गंदगी का आलम पचरा रहता है।

गंभीर विषय होने पर हमने कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ श्रीमती अल्का माहुले से बातचीत की और उनसे पूछा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में बड़ी समस्या है अस्पताल में पीने की पानी तक की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है तब उन्होंने कहा कि इसे मैं जल्द ही दिखवाती हूं, वही कोठी के ही निवासी संजू साहू ने कहा कि कोई मरीज यहां आता है तो वह और अधिक परेशान हो जाता है साथ में उसके परिजन स्वयं मरीज हो जाते हैं क्योंकि ना तो इधर सही ढंग से पंखे लगे हुए हैं ना ही पीने का पानी एक हैंडपंप लगा हुआ है उसमें भी गंदा पानी निकलता है जो पीने लायक है ही नहीं अस्पताल के अंदर लगे सभी वाटर कूलर और आरो मशीन बंद पड़े हुए हैं।